# BHADOHI POLICE

**प्रेस विज्ञप्ति**

**जनपद भदोही** **दिनांक-25.02.2025**

**◆नाबालिग के साथ अश्लील हरकत करने का आरोपी गिरफ्तार**

**◆थाना भदोही पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी की, की गई गिरफ्तारी**

**◆वैज्ञानिक विवेचना, अचूक साक्ष्य संकलन व मा0 न्यायालय में प्रभावी पैरवी कर आरोपी को शीघ्र ही कराया जाएगा दंडित**

दिनांक-17.02.2025 को वादी मुकदमा/पीड़िता के पिता द्वारा थाना भदोही पर सूचना दिया गया कि उनकी नाबालिग पुत्री उम्र करीब 06 वर्ष को आरोपी ने गलत नीयत से छूकर अश्लील हरकत किया है। सूचना पर तत्समय ही आरोपी के विरुद्ध मु0अ0सं0-83/2025 धारा-74,75 बी.एन.एस. व 9m/10 पॉक्सो एक्ट का अभियोग पंजीकृत करते हुए विधिक कार्यवाही प्रचलित की गई।

श्री अभिमन्यु मांगलिक, पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा महिला सम्बन्धित अपराध में त्वरित कार्यवाही व आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु निर्देश के क्रम में आज दिनांक-25.02.2025 को प्रभारी निरीक्षक भदोही के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा मुखबिरी सूचना के आधार पर नाबालिग के साथ अश्लील हरकत करने के आरोपी संदीप धीवर पुत्र महेंद्र धीवर निवासी परगासपुर थाना व जनपद जनपद भदोही उम्र करीब 35 वर्ष को सावलेपुर वरुणा नदी पुल के पास बगीचे से गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के उपरांत चालान मा0 न्यायालय किया गया।

पंजीकृत अभियोग में पुलिस द्वारा वैज्ञानिक विवेचना, अचूक साक्ष्य संकलन व मा0 न्यायालय में प्रभावी पैरवी कर आरोपी को शीघ्र ही दंडित कराया जाएगा।

